1-09-22




# 4 वाक्य ज्ञान

शब्दों के मेल से वाक्य बनता है। वाक्यों का कुछ न कुछ अर्थ अवश्य होता है। जैसे–

राम + आया = राम आया।

**(क) दिए गए चित्रों को पहचानकर वाक्यों को पूरा कीजिए।**

1. नदी  बहती है।
2. दाँत  साफ़ करो।
3. वह बस  से पाठशाला गया।
4. पिता जी अखबार  पढ़ रहे हैं।
5. मुझे अंगूर  बहुत पसंद हैं।
6. मोहन को आम  अच्छा लगता है।
7. चिड़िया  दाना चुगती है।
8. सूरज  पूरब से निकलता है।
9. मोहन पतंग  उड़ा रहा है।
10. बिल्ली  दूध पी रही है।

## ( ख ) उचित शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए।

1. गाय __दूध__ देती है। (पानी / दूध)
2. कौए का रंग __काला__ होता है। (काला / लाल)
3. मछली __पानी__ में तैरती है। (हवा / पानी)
4. __हिरण__ दौड़ रहे हैं। (हिरण / पर्वत)
5. बच्चे __मैदान__ में खेल रहे हैं। (मैदान / पेड़)
6. माता जी __पत्र__ लिख रही हैं। (अखबार / पत्र)

## ( ग ) शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्यों को लिखिए।




जा रहा है स्कूल रमेश।

रमेश स्कूल जा रहा है।



खाना बना रही हैं माता जी।

माता जी खाना बना रही हैं।



खेल रहा है लड़का गेंद से।

लड़का गेंद से खेल रहा है।



केक काट राहुल रहा है।

राहुल केक काट रहा है।